अध्याय – पंचम

स्वतंत्रता आंदोलन में जुड़े मध्यप्रदेश के जैन धर्मावलम्बियों का सामान्य परिचय

प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ के पुत्र भारत के नाम पर विख्यात भारतवर्ष की समृद्धि में जैन समाज का योगदान अप्रतिम है । देष के सास्कृतिक एवं आर्थिक विकास के साथ साथ राजनैतिक विकास और राष्ट्रीय आंदोलन में भी इस समाज ने महनीय योगदान दिया है। भामाषाह ने राणा प्रताप के चरणों में समग्र इतना धन अर्पित कर दिया था, जिससे 25000 सैनिकों का 12 वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। 1857 के अमर शहीद हुकुमचंद जैन, अमरचंद बांठिया ने अपना सर्वस्व समर्पण कर आजादी का मार्ग प्रषस्त किया था। आजादी के आंदोलन में लगभग पांच हजार जैन जेल गये, वही जैन महिलायें भी पीछे नहीं रहीं बाहर से आर्थिक या अन्य किसी तरह का योगदान देने वालों की संख्या तो कई हजार है। जैन समाज के इस योगदान का प्रामाणिक आकलन आज तक नहीं हो सका था। आजादी के बाद शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों पर बहुत कुछ लिखा गया है किन्तु उनमें जैन शहीदों की चर्चा प्रायः नहीं होती, जबकि इनका योगदान किसी अन्य शहीद से कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। देष के साथ साथ मध्यप्रदेष में भी जैन समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। प्रस्तुत अध्याय में 1857 से 1947 के बीच शहादत प्राप्त करने वाले प्रमुख जैन शहीदों के अलावा स्वतंत्रता संग्राम में जिन जैनों ने भाग लिया था जिनका परिचय इस प्रकार है :–

अमर शहीद अमरचन्द्र बांठिया :

भारत वर्ष का प्रथम सशस्त्र स्वाधीनता संग्राम 1857 ई0 में प्रारंभ हुआ था । इसे स्वाधीनता संग्राम की आधारशिला कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी । इस संग्राम में जहाँ महारानी लक्ष्मीबाई , तात्या टोपे, मंगल पांडे आदि शहीदों ने अपनी कुर्बानी देकर आजादी का मार्ग प्रशस्त किया, वहीं सहस्रों रईसों और साहूकारों ने अपनी तिजोरियों के मुंह खोलकर संग्राम को दृढ़ता प्रदान की । तत्कालीन ग्वालियर राज्य के कोषाध्यक्ष अमर शहीद अमरचंद बांठिया ऐसे ही देशभक्त महापुरूषों में से थे, जिन्होनें 1857 के महामसर में जूझ रहे क्रान्तिवीरों को संकट के समय आर्थिक सहायता देकर मुक्ति संघर्ष के इतिहास में अपना नाम अमर कर लिया।

अमरचंद के दादा का नाम खुशालचंद एवं पिता का नाम अबीरचंद था। अमरचंद अपने सात भाईयों (श्री जालमसिंह, सालमसिंह, ज्ञानचंद, खूबचंद, सवलसिंह, मानसिंह, अमरचंद) में सबसे छोटे थे ।

अमरचंद बांठिया में धर्मनिष्ठा, दानशीलता, सेवाभावना, ईमानदारी, कर्तव्य परायणता आदि गुण जन्मजात थे। यही कारण था कि सिन्धिया राज्य के पोद्दार श्री वृद्धिचंद संचेती, जो जैन समाज के अध्यक्ष भी थे, ने अमरचंद को ग्वालियर राज्य के प्रधान राजकोष गंगाजली के कोषालय पर सदर मुनीम (प्रधान कोषाध्यक्ष) बनवा दिया । उस समय सिन्धिया नरेश 'मोती वाले राजा' के नाम से जाने जाते थे। 'गंगाजली' में अटूट धन संचय था, जिसका अनुमान स्वयं सिंधिया नरेशों को भी नहीं था विपुल धनराशि से भरे इस खजाने पर चौबीसों घण्टे सशस्त्र पुलिस बल का कड़ा पहरा रहता था। कहा जाता है कि ग्वालियर राजघराने में उन दिनों पीढ़ियों से

यह आन चली आ रही थी कि न तो कोई राजा अपने राजकोष की सम्पत्ति को देख ही सकता था और न उसमें से कुछ निकाल ही सकता था, अतः गंगाजली की सदैव वृद्धि होती रहती थी। इस अकूत धन संचय को कोषाध्यक्ष के अतिरिक्त और कोई नहीं जानता था। अमरचंद बांठिया इस खजाने के रक्षक ही नहीं ज्ञाता भी थे, वे चाहते तो अपने लिए मनचाही रत्न राशियॉ निकालकर कभी भी धनकुबेर बन सकते थे। पर बांठिया जी तो जैन धर्म के पक्के अनुयायी थे, जो राजकोष का एक पैसा भी अपने उपयोग में लाना घोर पाप समझते थे। अमर चंद बांठिया को 22 जून 1858 को ग्वालियर में राजद्रोह के अपराध में अंग्रेज सरकार द्वारा फांसी दी गई।

अमर शहीद सिंघई प्रेमचन्द्र जैन –

दमोह (म0प्र0) जिले के एक छोटे से ग्राम सेमरा बुजुर्ग में उस दिन प्रेम की बरसात होने लगी, सारे गांव में सुख छा गया, जिस दिन भारतमाता से प्रेम करने वाले अमर शहीद प्रेमचंद का जन्म सिंघई सुखलाल एवं माता सिरदार बहू के आंगन में हुआ। सिंघई प्रेमचंद जैन बचपन से ही उत्साही, लगनशील निर्भीक, प्रतिभाशाली एवं होनहार युवक थे। सुखलाल जी की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी । फिर भी बालक प्रेमचंद को उन्होनें प्राथमिक शिक्षा के बाद माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ने के लिए दमोह के महाराणा प्रताप हाईस्कूल में भेज दिया। दिसम्बर 1933 में पूज्य महात्मा गांधी का दमोह नगर में आगमन हुआ । प्रेमचंद 16 कि0मी0 चलकर उनका भाषण सुनने दमोह आये । कहते है इसके बाद वे लौटकर गांव नहीं गये और दमोह में ही आजादी के महायज्ञ में कूद पड़े । जंगल सत्याग्रह, विदेशी कपड़ों का बहिष्कार, मादक वस्तुओं के विक्रय केन्द्रों पर धरना, नमक सत्याग्रह झण्डा फहराना आदि साहसिक कार्यो में भाग लेने के परिणामस्वरूप सिंघई जी को स्कूल से निकाल दिया गया । तब आप

खादी प्रचार अछूतोद्वार और गांव–गांव में डुग्गी बजाकर गांधी जी के संदेशों का प्रचार करने लगे । देशभक्ति की ऐसी लगन देखकर श्री रणछोड़ शंकर धगट आपको गांधी आश्रम, मेरठ ले गये । मेरठ में आप तीन वर्ष रहकर 1937 में लौटे और श्री प्रेमशंकर धगट, सिंघई गोकलचंद्र श्री रघुवर प्रसाद मोदी, श्री बाबूलाल पलन्दी आदि के साथ सक्रिय एवं कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ता बन गये, जिससे स्थानीय प्रशासन आपके नाम से थर्राने लगा। 9 मई 1941 में जहर देने से आपकी मृत्यु हुई।[1]

अमर शहीद वीर उदयचन्द्र जैन –

मण्डला नगर के पास ही नर्मदा मैया के दूसरे तट पर बसा है महाराजपुर ग्राम। इसी ग्राम के निवासी थे वीर उदयचंद्र जैन जिन्होंने मात्र 19 वर्ष की अल्पवय में सीने पर गोली खाकर देश की आजादी की मार्ग प्रशस्त किया था। उदयचंद्र जैन का जन्म 10 नवम्बर 1922 को हुआ । आपके पिता का नाम सेठ त्रिलोक चन्द्र एवं माता का नाम श्रीमती खिलौना बाई था। उदयचंद्र की प्रारंभिक शिक्षा महाराजपुर में हुई ।[2] 1936–37 में आगे अध्ययन के लिए वे जगन्नाथ हाई स्कूल (वर्तमान नाम – जगन्नाथ शासकीय बहुदेशीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला) मण्डला में प्रविष्ट हुए । उदयचंद्र मेधावी छात्र तो थे ही, अपनी नेतृत्व क्षमता के कारण वे छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गये । तब वे हाईस्कूल के छात्र थे। उदय चंद्र बलिष्ठ और ऊंचे थे, हाकी उनका प्रिय खेल था। विज्ञान और गणित में उनकी अत्यधिक अभिरूचि थी । अपना काम स्वयं करने की प्रवृत्ति बचपन

[1] पं. फूलचन्द्र शास्त्री – पटवार जैन समाज का इतिहास, 1992 पृ.517
[2] मध्यप्रदेष के स्वतंत्रता संग्राम सैनिक, भाग– पृ.204

से ही थी । वे अत्यन्त मितव्यापी, ओजस्वी वक्ता और प्रायः मौन रहने वाले थे ।[3]

अमर शहीद मगनलाल ओसवाल –

अमर शहीद मगनलाल ओसवाल की शहादत भारत के स्वतंत्रता संग्राम में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। मगनलाल ओसवाल का जन्म 1906 ई में जावरा म0प्र0 में हुआ था।[4] आपके पिता श्री हीरालाल ओसवाल इंदौर में व्यवसाय करते थे । मोरसली गली में उनकी छोटी सी किराने की दुकान थी। मगनलाल अपने पिता की इकलौती संतान थी ओसवाल जी की शिक्षा दीक्षा अधिक नहीं हुई मिडिल पास करने के उपरांत आप पिताजी के साथ दुकान पर बैठने लगे । 1942 में जब 'भारत छोडो आंदोलन' छिड़ा तब आपकी शादी हो चुकी थी, आप गृहस्थ बन गये थे और पिता भी । भारत छोड़ो आंदोलन में आपने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ओर, गोली भी खाई थी। 23 दिसंबर 1945 को आपकी मृत्यु हो गई।

अमर शहीद कन्धीलाल जैन –

इसी कानून को तोड़ने वाले अमर शहीद कन्धीलाल जैन का जन्म 1894 में सिलौडी जबलपुर म.प्र. कस्बे के सेठ मटरूलाल के यहां हुआ । अन्य लोगों के साथ कन्धीलाल भी झण्डा उठाकर गांव गांव घूमे और जंगल कानून भंग किया । 15 सितम्बर 1930 को अंग्रेज सिपाहियों की लाठी की मार खाने से आपकी मृत्यु हुई।[5]

---

[3] जैन संदेष,–राष्ट्रीय अंक (23 जनवरी 1947)

[4] मध्यपद्रेष के स्वतंत्रता संग्राम सैनिक भाग –4, 1984, पृ.34

[5] मध्यप्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी श्री रतन चंद जैन जबलपुर द्वारा प्रदत्त।

अमर शहीद मुलायम चन्द्र जैन –

जबलपुर (म0प्र0) के अमर शहीद मुलायम चन्द्र जैन एक क्रांतिकारी के हमशक्ल होने के कारण शहादत को प्राप्त हो गये।[6] मुलायम चंद जैन, पुत्र श्री भैयालाल पुजारी जबलपुर के लार्डगंज में अपनी छोटी सी कपड़े की दुकान चलाकर जीविकोपार्जन करते थे । अपनी पारिवारिक मजबूरियों के कारण मुलायमचंद स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भाग तो नहीं ले पाते थे, पर उनकी हृदय की भावनायें तो आजादी के लिये हिलोरें लेती थी । दो – तीन दैनिक पत्र वे दुकान पर मँगवाया करते थे , उन पर चर्चा होती थी, गर्मा –गर्म राजनैतिक बहसे होती थी । यह बात पुलिस की निगाहों में आ चुकी थी । पुलिस यातनाओं के कारण 1942–43 में आपकी मृत्यु हुई।

अमर शहीद चौधरी भैया लाल–

भैयालाल का जन्म 1886 में म0प्र0 के दमोह नगर में पिता श्री विहारीलाल के घर हुआ ।[7] नाटा कद, गठीला बदन, गौर वर्ण और चहरे पर जवानी की आभा, यही व्यक्तिव था अमर शहीद चौधरी भैयालाल का 1908 में बंग–भंग के समय से ही वे राजनीति में सक्रिय हो गये थे। देश को आजाद देखने की उनमें ललक थी। संगठन की अदभुत क्षमता के धनी चौधरी जी 1920–21 दमोह के कांग्रेस जनों में अग्रणी थे । उन्होनें लोकामान्य बाल गंगाधर राव तिलक को दमोह में आमंत्रित किया, पर शासन की ओर से सभा पर पाबंदी लगा दी गई । चौधरी जी इससे निराश होने वाले नहीं थे । उन्होनें 20 मील दूरी श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कुण्डलपुर की सुरम्य पहाड़ियों के मैदान में सभा कराई और अपनी संगठन

[6] पं. फूलचन्द्र शास्त्री – पटवार जैन समाज का इतिहास 1992, पृष्ठ 518
[7] वही –पृ. 519

का परिचय दिया।[8] अंग्रेज शासन जनता में इनके प्रभाव से परेशान रहता था। आप जेल भी गए। सन् 1922 में यात्रा के दौरान मृत्यु हुई।

अमर शहीद चौथमल भंडारी –

1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में जेल में ही अपना जीवन भारत माता के चरणों में समर्पित करने वाले अमर शहीद चौथमल भण्डारी का जन्म 3 जुलाई 1926 को ग्राम कायथा जिला उज्जैन (म0प्र0) में हुआ था इनके पिता का नाम श्री केशरीमल भण्डारी था[9] जो आस पास की जनता में अत्यन्त लोकप्रिय थे । माता धार्मिक स्वभाव वाली समाज सेविका महिला थी । किशोरावस्था में ही भण्डारी जी जुलूसों में जाने लगे थे।[10] आपने कई बार कारावास भी भोगा। 22 जुलाई 1943 को इंदौर जेल में उनकी मृत्यु हुई।

अमर शहीद साबूलाल जैन वैसखिया–

साबूलाल का जन्म 1923 में गढ़ा कोटा जिला सागर में हुआ[11]। पिता पूरन चन्द्र वास्तव में उसी दिन पूरन (पूर्ण) हुये थे, जब साबूलाल ने उनके घर जन्म लिया। बालक साबूलाल ने स्थानीय स्कूल में ही पांचवी तक शिक्षा ग्रहण की । उन दिनों दर्जा पाँच पास कर लेना भी बहुत समझा जाता था। साबूलाल की इच्छा और अधिक पढ़ने की थी पर पिता की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी अतः असमय में ही उन्हें पढ़ाई छोड़कर गृह कार्य में लग जाना पड़ा । पर इससे देश प्रेम की जो भावना उनमें जाग चुकी थी, वह मंद नहीं पड़ी प्रत्युत दिन व दिन बढ़ती ही गई। 22 अगस्त 1942 को गढ़ा कोटा में एक बृहत् सभा का आयोजन हुआ ।

---

[8] ज्ञानोदय मई 1952 अंक
[9] मध्यप्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सैनिक भाग –4 पृ. 162
[10] जैन प्रतीक इंदौर जुर्ला 1996
[11] विन्ध वाणी, शहीद अंक (1948)

सर्वसम्मति से तय हुआ कि अंग्रेजी शासन तंत्र का प्रतीक पुलिस थाना यहाँ है। अतः इस पर ही तिरंगा झण्डा फहराया जावें। गढ़ा कोटा जैसे कस्बे में इतना बड़ा जलूस शायद कभी निकला हो।[12] इसी जुलूस में पुलिस की गोली लगने से आपकी मृत्यु हुई।

श्रीमती तारावाई जैन कासलीवाल–

श्रीमती तारावाई जैन महीदपुर जिला उज्जैन (म0प्र0) के प्रसिद्ध स्वाधीनता सैनानी श्री नेमीचन्द्र जैन कासलीबाई की पत्नी थी 1942 के आंदोलन वह अपने पति के साथ गर्भवती होने पर भी जेल गई।

श्रीमती नन्हीबाई जैन –

ग्राम लथकाना (सिहोरा) जिला जबलपुर म0प्र0 की श्रीमती नन्हीबाई जैन ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया तथा 8 माह 18 दिन जबलपुर जेल में गुजारें।[13] श्रीमती नन्हीबाई जबलपुर की सुप्रसिद्ध कवियित्री श्रीमती सुन्दरदेवी, जिन्होनें राष्ट्रीयता से भरपूर अनेक कवितायें लिखी, के साथ भी रही थी।

श्रीमती सज्जन देवी महनोव –

उज्जैन (म0प्र0) के प्रसिद्ध स्वाधीनता सेनानी श्री सरदार सिंह महनोत की धर्म पत्नी श्रीमती सज्जन देवी महनोत का जन्म 1904 के आसपास ग्वालियर राज्य के राज प्रतिष्ठित श्री सुगम चंद्र भंडारी के यहाँ हुआ।[14] तत्कालीन पर्दा–प्रथा और दिखाऊ कुलीनता की आपने चिन्ता नहीं की और मिडिल तक शिक्षा ग्रहण की । 1930 के आंदोलन में सरकारी आपकी अवहेलना कर आप 4 माह जैल में बंद रहीं । 1932 के व्यक्तिगत

[12] अनेकान्त पथ, भोपाल 17.9.992
[13] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनिक भाग–1 पृ. 63
[14] जैन संदेश, राष्ट्रीय अंक (23जनवरी 1947)

सत्याग्रह में भी आपने जेल यात्रा की । 1942 में आप अनेक बार गिरफ्तार हुई और छोड़ दी गई। 1943 में जब आप नजर बंद हुई तो 1946 में छूटी । आपके पुत्र श्री राजैनद्र कुमार महनोत और भतीजे श्री ताज बहादुर महनोत ने भी जेल की दारूण यातनायें सही।[15]

श्रीमती सुन्दर देवी जैन –

1942 को 'भारत छोड़ो आंदोलन' में भाग लेने के साथ ही हिन्दी काव्यांकाश में एक नई तारिका के रूप में उदित श्रीमती सुन्दर देवी, धर्म पत्नी श्री शिखरचन्द्र जैन का जन्म 6 दिसम्बर 1925 को कटनी, जिला जबलपुर म0प्र0 में हुआ। 1942 के आंदोलन में सुन्दर देवी ने भाग लिया। 7 दिसम्बर 1979 को आपका निधन हो गया।

श्री अक्षय कुमार जैन

भोपाल (म.प्र.) के श्री अक्षय कुमार जैन पुत्र श्री मानकलाल का जन्म 1922 में हुआ । 1942 के करो या मरो आंदोलन में भाग लिया। 1948 के भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता रहे श्री जैन ने राष्ट्रीय आंदोलन में भूमिगत रहकर कार्य किया । शासन ने सम्मान पत्र प्रदान कर आपको सम्मानित किया है।[16]

श्री अबीर चन्द्र जैन

श्री अबीरचंद जैन, पुत्र श्री पन्नालाल जैन का जन्म 1900 में जबलपुर (म.प्र.) में हुआ 1942 के आंदोलन में आप अपने पुत्र श्री हीरालाल द्वारा भूमिगत होकर तोड़ फोड़ के कार्य करने और गिरफ्तार न होने पर बंधक के रूप में बंदी बनाये गये थे । जेल से पुत्र को आत्म समर्पण न

[15] मांगीलाल भूतोडिया– इतिहास की अमर बेल – ओसवाल भाग–2 पृष्ठ –399
[16] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –5 पृ.09

करने की प्रेरणा देते रहे । अन्ततः श्री हीरालाल के गिरफ्तार होने पर 5 माह बाद रिहा किये गये।[17]

श्री अभयकुमार जैन –

अब्बू उपनाम से विख्यात श्री अभयकुमार जैन पुत्र श्री गुलाबचंद जैन का जन्म 7 सितम्बर 1913 को सिवनी (म.प्र.) में हुआ।[18] 1937 में आपने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की । 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में आपने भाग लिया तथा सिवनी, छिन्दवाडा, नागपुर, जबलपुर जेलों में डेढ़ वर्ष का कारावास भोगा । सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित करने वाले श्री जैन में देष सेवा ईमानदारी राष्ट्र के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं श्रद्धा कूट– कूट कर भरी थी । स्वतंत्रता आंदोलन में स्मरणीय योगदान के लिए राष्ट्र की ओर से आपको ताम्रपत्र भेंटकर सम्मानित किया था। इसी प्रकार दिगम्बर जैन समाज की ओर से भी सम्मान पत्र भेंटकर पत्र भेंट किया गया था। वर्ष 1975–76 में आप बीस सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम समिति के सदस्य 1981 से 83 तक जिला इंदिरा कांग्रेस कमेटी , सिवनी के कार्यकारी अध्यक्ष वर्ष 1982 में जिला थोक उपभोक्ता भण्डार के सदस्य रहे । लम्बी बीमारी के पष्चात दिनांक 17 जनवरी 1983 को आपका स्वर्गवास हो गया ।

श्री अभयकुमार जैन –

व्यवसाय से चिकित्सक और अग्रगामी जैसे राष्ट्रीय पत्रों के प्रकाषक, कटनी (म.प्र.) के श्री अभयकुमार जैन, पुत्र श्री बारेलाल का जन्म 1904 में हुआ।[19] आयुर्वेद तथा होम्योपैथी चिकित्सा में महारत प्राप्त श्री जैन 1920 से ही स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गये थे । 1930 के जंगल सत्याग्रह में भाग लेने पर आप जबलपुर तथा मंडला जेलों में लगभग साढ़े सात माह

[17] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –5 पृ.29
[18] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –5 पृ 225
[19] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –1 पृ.29

बंद रहे । 1934 मतें आदर्ष तथा 1938 में अग्रगाम नामक राष्ट्रीय पत्रों का प्रकाषन आपने किया था।

श्री अमीरचंद जैन –

अपनी कविताओं से राष्ट्रीयता की अलख जगाने वाले, मण्डला (म0प्र0) के श्री अमीरचन्द्र जैन उग्रवक्ता और कर्मठ सिपाही रहे हैं । आप अपने अग्रज श्री श्यामलाल जी के साथ आंदोलन में सक्रिय हुए । आषा थी कि श्यामलाल जी के जेल जाने पर आप शान्त हो जावेंगे, पर आप नहीं माने 1941 एवं 1942 के आंदोलनों में आपको जेल यात्रायें करनी पड़ी । 1942 में आप डेढ़ वर्ष जेल में रहे । आप प्रचार सामग्री प्रेस में छापकर दिया करते थे।[20]

श्री अमीरचंद जैन –

जबलपुर (म0प्र0) के श्री अमीरचंद्र जैन, पुत्र श्री कस्तूरचन्द्र का जन्म 1920 में हुआ 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में होषंगाबाद में आप बंदी बना लिये गये । आपने होषंगाबाद तथा अकोला जेल में 2 माह का कारावास भोगा । [21]

श्री अमीरचंद जैन –

बालाघाट म.प्र. के श्री अमीरचंद्र जैन पुत्र श्री फदालीलाल जैन का जन्म 1920 में नरसिंहपुर म.प्र. में हुआ।[22] दस वर्ष की उम्र में ही आप नमक सत्याग्रह के समय मंडला में स्वाधीनता आंदोलन की ओर आकृष्ट हुए 1932 में प्रभातफेरी निकालने के आरोप में आपको बेतों की सजा दी गई । 1941 में लगभग 3 वर्ष जबलपुर जेल में आपने काटे । वनवासी सेवा मण्डल के

[20] जैन संदेश –राष्ट्रीय आंदोलन
[21] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –1 पृ.29
[22] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –5 पृ.170

आप सक्रिय कार्यकर्ता रहे । 1949 के बाद आप नरसिंहपुर से बालाघाट चले गये ।

श्री अमृतलाल चंचल –

राष्ट्रीय गीतों के प्रसिद्ध लेखक श्री अमृतलाल चंचल, पुत्र श्री हजारीलाल का जन्म 9 नवम्बर 1913 को टिमरनी, जिला होषंगाबाद (म0प्र0) में हुआ । बाद में आप गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म0प्र0) आकर बस गये । जब आप इन्टरमीडिएट में अध्ययनरत थे तभी से विद्यार्थी आंदोलन में सक्रिय हो गये । 1932 के आंदोलन में आपने हरदा में सत्याग्रह किया गिरफ्तार हुए और साढ़े सात माह का कारावास भोगा। इटारसी जैन समाज ने कवि भूषण एवं होषंगाबाद समाज ने वाणीरत्न उपाधियों से आपको अलंकृत किया 12 दिसमबर 1987 को आपका निधन हो गया ।[23]

श्री अमृतलाल फणीन्द्र –

बुन्देलखण्ड़ में झरमर, महुआ, जागीर प्रथा विरोध, बेगार मिटाओं, झण्डा सत्याग्रह आदि आंदोलनों के जनक तथा संचालक, छद्म वेष के कारण उदयचन्द्र से अमृतलाल हो गये फणीन्द्र जी का जन्म 2 अक्टूबर 1917 को बड़ागांव (धसान) जिला टीकमगढ म.प्र. में हुआ[24] आपके पिता का नाम खुमान था। म0प्र0 स्वातंत्रता सैनानी के अनुसार उन्होनें लगभग 7 माह का कारावास भोगा । आजादी के पूर्व की एक कविता द्रष्ट्व्य है –दानवता हत्याखोरों की मानवता के पद पकड़ेगी। जो आज झुकाती है ताकत वह झुक सिर पग पर रख देगी नहीं होगा कोई गरीब और सरमायादार नहीं होगें। साम्राज्य नहीं फासिस्ट नहीं देषद्रोही गद्दार नहीं होगें । नहीं

[23] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –1 पृ.137
[24] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –2 पृ.125

उपजेंगी नयनों समक्ष पैषाचिकता की तस्वीरें हो खण्ड खण्ड कड़ कड़ा उठें दुर्दान्त हमारी जंजीरें ।

श्री अमोलकचंद्र जैन –

कद से ठिगने किन्तु भारी भरकम व्यक्तित्व के अधनी खण्डवा (म0प्र0) के श्री अमोलकचंद जैन पुत्र श्री छोटू जैन का जन्म 1 फरवरी 1908 में हुआ [25]। आपने मैट्रिक तक षिक्षा ग्रहण की तथा युवावस्था में ही राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने लगे । आप अनेक वर्षो तक जिला कांग्रेस कमेटी के मंत्री और प्रांत के सदस्य भी रहे । 1942 के आंदोलन में आप एक रात अचानक गिरफ्तार कर लिये गये और खण्डवा और जबलपुर की जेलों में लगभग 1 वर्ष तक रहे ।

श्री अमोलकचंद्र जैन –

श्री अमोलकचंद जैन का जन्म 1916 में रीवा म0प्र0 में हुआ।[26] आपके पिता का नाम श्री लक्ष्मीचंद जैन था आपने माध्यमिक शिक्षा ग्रहण की । आप 1935 से 1942 तक आंदोलनों में सक्रिय रहे । इस दौरान आपने भूमिगत रहकर आंदोलनों को गति प्रदान की । आपने सुचारू रूप से पार्टी का संगठनात्मक कार्य किया और अंग्रेजी सरकार को दिखा दिया कि भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक देश–प्रेमी है। आपकी अनेक पुस्तकें शासन ने जप्त कर ली । स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात आप व्यावसायिक एवं धार्मिक कार्यो में अपनी रूचि अनुसार संलग्न थे।

[25] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –4 पृ.09
[26] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –5 पृ.255

श्री अयोध्याप्रसाद जैन –

श्री अयोध्याप्रसाद जैन का जन्म 1916 में राजगढ (म.प्र.) में हुआ आपके पिता श्री मोहनलाल जी थे ।[27] आपने 1930 के जंगल सत्याग्रह में भाग लेने के कारण 4 माह 18 दिन का कारावास बिलसपुर जेल में भोगा। पुलिस द्वारा मारपीट किये जाने के कारण हाथ की उंगलियों को क्षति पहुंची । इतना ही नहीं आपको 15 दिन गुनहखाने की सजा भी हुई 30 मई 1996 को आपका निधन हो गया ।

श्री अवन्तीलाल जैन –

अपनी ही नगरी उज्जयिनी में अखवार के हॉकर से नगर पालिका के अध्यक्ष तक की यात्रा तय करने वाले प्रसिद्ध क्रांतिकारी पत्रकार अ0भा0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के सचिव श्री अवन्ती लाल जैन पुत्र श्री रामलाल का जन्म 1 अगस्त 1922 में हुआ[28] 11 वर्ष की उम्र में ही पिता का देहवसान हो गया फलतः माता केशरबाई ने कठिन परिस्थितियों में अवन्तीलाल का भरण पोषण किया ।

श्री अशोक सिंघई –

सागर म.प्र. के श्री अशोक सिंघई पुत्र श्री रज्जू लाल ने सन् 1942 के भारत छोडो आंदोलन में 2 माह का कारावास भोगा।[29]

श्री आनंदराव जैन –

मुलताई जिला बैतूल म.प्र. के श्री आनंदराव जैनपुत्र श्री नारायण राव का जन्म 1914 में हुआ। 1938 में आप ब्रिटिश सेवा छोड़कर आंदोलन में

[27] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –3 पृ.207
[28] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –4 पृ.157
[29] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –2 पृ.08

सम्मिलित हुए । 25 सितम्बर 1941 से एक माह तक आप बैतूल जेल में रहे। 1942 के आंदोलन में भी आप 15 दिन नजरबंद रहे थे।[30]

श्री आनंदीलाल जैन –

इंदौर म.प्र. के श्री आनंदीलाल जैन, पुत्र श्री शैतानमल का जन्म 20 अप्रैल 1926 को हुआ । आपने एम.ए. (अर्थशास्त्र) की उपाधि प्राप्त की स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय कार्यकर्ता रहे श्री जैन को भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया और लगभग 15 माह के कारावास की सजा दी गयी । आपके बडे भाई श्री गेंदालाल जी ने भी जेलयात्रा की ।

श्री इन्द्रमल बाफना –

श्री इन्द्रमल बाफना का जन्म सीतामऊ जिला मंदसौर म.प्र. में 1915 में हुआ[31] आपके पिता का नाम श्री थावरचंद था। आपका कार्य क्षेत्र सीतामऊ स्टेट ही रहा, किन्तु अनेक बार आप स्टेट से बाहर ग्वालियर स्टेट व सुदूर राजस्थान में जाकर भी आंदोलन में भाग लेते रहे। इंदौर रहकर भी आपने आंदोलन में भाग लिया । भारत छोड़ो आंदोलन में आपको गिरफ्तार कर मुंगावली जेल में रखा गया । गांधी जी के चरण चिन्हों पर चलकर बाफना जी लोगों को स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए सदा प्रेरित करते रहे गांव गांव जाकर लोगों को रूढियों से मुक्त कराने नशाबंदी तथा शिक्षा के प्रति रूचि लेने के लिए आप उत्साहित करते रहे।

श्री ईश्वरचन्द्र जैन उर्फ वंशीलाल जैन –

चलती ट्रेन को रोककर उसके इंजन पर राष्ट्रीय ध्वज फराने वाले श्री ईश्वरचन्द्र उर्फ वंशीलाल जैन का जन्म पिपरिया कलां जिला जबलपुर

[30] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –5 पृ.141
[31] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी 4/213

म.प्र. में हुआ।[32] आपके पिता का नाम श्री कन्छेदीलाल जैन था । आप 1930 से ही सविनय अवज्ञा आंदोलन में दादा बद्रीनाथ दुबे के नेतृत्व में सक्रिय हो गये थे। नमक कानून भंग करने के दौरान पुलिस के निर्मम लाठी प्रहार से आपका शरीर लहूलुहान हो गया । जहां आपको दिनांक 30 सितम्बर 1932 से 8 मार्च 1933 तक कठोर यातनायें भोगनी पडी जेल से मुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत रहे। मंडलेश्वर एवं जनपद सदस्य भी आप बाद में रहे ।

श्री उत्तम चंद्र जैन

नगर कांग्रेस के मंत्री रहे, पिण्डरई जिला मण्डला म.प्र. के श्री उत्तम चंद्र जैन पुत्र श्री कुन्जीलाल का जन्म 15 फरवरी 1924 मो ग्राम कदवा तहसील बण्डा जिला सागर म.प्र. में हुआ [33]। स्थानीय उच्च नेताओं की प्रेरणा पाकर आप राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय हुए 1941 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में आप गांव गांव जाकर आंदोलन का प्रचार करते रहै 1942 के भारत छोडो आंदोलन में जुलूस निकलवाने क्रांतिकारी नारे लगवाने तथा सरकार विरोधी गतिविधियों में भाग लेने के कारण आप गिरफ्तार कर लिये गये फलतः 6 माह के कारावास का दण्ड भोगा।

श्री उत्तमचंद्र जैन –

जबलपुर म.प्र. के श्री उत्तमचंद्र जैन, पुत्र श्री मूलचंद ने 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भाग लिया फलतः आप गिरफ्तार कर लिये गये और कारावास में डाल दिये गये । [34]

[32] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –1 पृ.30
[33] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –1 पृ.203
[34] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –1 पृ.31

श्री एन.कुमार जैन –

इटारसी म.प्र. के श्री एन कुमार जैनपुत्र श्री कालूराम जैन का जन्म बाबई (माखननगर) में 4 जनवरी 1913 को हुआ । [35] आपकी शिक्षा मैट्रिक तक हो पाई थी कि स्वतंत्रता आंदोलन की राह में ऐसे निकले कि फिर आगे पढने का नाम ही नहीं लिया । आर्थिक रूप से सम्पन्न परिवार के होने के बावजूद भी आपने युवकों की टोलियों बनाकर गांव गांव जाकर स्वतंत्रता की अलख जगाई बाबई पुलिस थाने और सरकार इमारातों पर तिरंगा फराने के जुर्म में अंग्रेजों ने श्री जैन को 1938 में गिरफ्तार कर 6 माह के लिए होशंगाबाद जेल भेज दिया किन्तु श्री जैन जेल से भी आंदोलन की गतिविधियां चलाते रहे। 15 अगस्त 72 को दल्ली में श्रीमती इंदिरा गांधी ने उन्हें ताम्रपत्र भेट दिया था। 26 जनवरी 1975 को बम्बई में आपका देहावसान हो गया।

श्री कंचनलाल जैन –

सागर म.प्र. के श्री कंचनलाल जैन पुत्र श्री छोटेलाल जैनका जन्म 1924 में हुआ [36] 1942 के भारत छोडो आंदोलन में आपने 6 माह का कारावास भोगा ।

श्री कन्छेदीलाल डेरिया–

बाबई जिला होशंगाबाद म.प्र. के श्री कन्छेदीलाल डेरिया, पुत्र श्री मन्नूलाल डेरिया का जन्म वि0सं0 1952 (1895) में हुआ[37] 1920 से आप कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता बन गये । 1942 के व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन में आप होशंगाबाद जेल में 15 दिन नजरबंदरहे । 1942 के

[35] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी 5/325
[36] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –2 पृ.10
[37] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –5 पृ.326

आंदोलन में भीआपने जेल यात्रा की थी। 18 वर्ष की उम्र से ही आंदोलन में सक्रिय रहे डेरियानी का निधन कार्तिक शुक्ल 3 वि0सं0 2036 (सन् 1979) में हो गया । आपके पुत्र श्री पन्नालाल डेरिया व भाई श्री बाबूलाल डेरिया भी जेलयात्री रहे है।

सिंघई श्री कन्छेदीलाल जैन –

सिंघई कन्छेदीलालजैन पुत्र श्री गल्लीलाल जैन का जन्म 1920 में तेदूखेडा जिला नरसिंहपुर म.प्र. में हुआ ।[38] प्राथमिक कक्षा में अध्ययन के समय ही आप राष्ट्रीय आंदोलन में कूद पडे और 1930 के आंदोलन में भाग लिया 1942 के आंदोलन में आपने सत्याग्रह किया और गिरफ्तार हुए । आपने लगभग 10 माह का कारावास नरसिंहपुर होशंगाबाद मण्डला एवं जबलपुर की जेलों में काटा देश की आजादी के बाद सेठ गोविन्ददास जी के हाथों आपने ताम्रपत्र प्राप्त किया। 21 सितम्बर 1996 में आपका देहावसान हो गया ।

श्री कन्छेदीलाल जैन –

वण्डा जिला सागर म.प्र. निवासी श्री कन्छेदीलाल जैन पुत्र श्री रामलाल ने 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भाग लिया व 14 माह का कारावास भोगा आपका निधन 1972 में हो गया ।

श्री कन्हैयालाल नागौरी –

श्री कन्हैयालाल नागोरी पुत्र श्री नथमल नागोरी का जन्म 6 फरवरी 1921 को जमुनियां कला जिला मंदसौर म.प्र. में हुआ। आपने 21 वर्ष की युवाआयु में स्वतंत्रता सेनानी बद्रीदत्त भट्ट के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन में लाग लेना शुरू किया । श्री जगदीश ऐरन, दशरथ लाल नागर,

[38] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –1 पृ.137

बलदेवदास बैरागी, भागीरथ जी पाटीदार आदि युवा साथियों सहित जुलूस निकालना सांमतशाही और अंग्रेजों के विरूद्ध नारे लगाना पोस्टर लगाना सूचनाऐं प्रसारित करना आदि आपके प्रमुख काम थे। 1942 के आंदोलन में वरिष्ठ नेताओं के गिरफ्तार हो जाने के कारण नागोरी जी अपने युवादल द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन को चालू रखे रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी आपने जनजागरण में स्वंय को सक्रिय रखा। आप 1972–77 तक जावद क्षेत्र के विधायक रहे ।

श्री कन्हैयालाल परमहंस –

इंदोर म.प्र. के श्री कन्हैयालाल परमहंस पुत्र श्री नंदराम जैन का जन्म 25 सितम्बर 1915 को हुआ । 1942 के भारत छोडो आंदोलन में आपने सक्रिय भाग लिया एवं 15 माह 9 दिन का कारावास भोगा ।

श्री कन्हैयालाल जैन –

जबलपुर म0प्र0 के श्री कन्हैयालाल जैन पुत्र श्री नारायण जैन का जन्म 1904 ई में हुआ[39] आपने मैट्रिक तथा शिक्षा ग्रहण की । 1930 से ही आप स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गये थे। 1942 के भारत छोडो आंदोलन में आपने भाग लिया फलतः गिरफ्तार हुये और जबलपुर जेल में 8 माह का कारावास भोगा ।

श्री कन्हैयालाल उर्फ मथुरालाल जैन –

इंदौर म.प्र. के श्री कन्हैयालाल उर्फ मथुरालाल जैन पुत्र श्री रूपचंद का जन्म 2 जुलाई 1930 को हुआ । 1942 के भारत छोडो आंदोलन में आपने भाग लिया फलतः 2 माह की अवधि तक गिरफ्तार रहे । आजादी के बाद शासन ने आपको प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।

[39] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –4 पृ.12

श्री कपूर चंद जैन –

गढाकोटा जिला सागर म.प्र. के श्री कपूरचंद्र जैन पुत्र श्री दरबारीलाल जैन 1942 के भारत छोडो आंदोलन में 15 दिन नजरबंदी में रहे ।[40]

डॉ. कपूरचंद्र जैन –

सागर म.प्र. के डॉ. कपूरचंद जैन पुत्र श्री नन्हे लाल का जन्म 1919 में हुआ ।[41] आपने नागपुर में मेडीकल कॉलेज में अध्ययन के समय शासकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फैराया फलतः नागपुर में 15 दिन नजरबंद रहे । राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने के कारण शासकीय सेवासे भी आप वंचित रहे।

डॉ. कपूर चंद जैन –

सागर म.प्र. के श्री कपूरचंद्र जैन पुत्र श्री हीरालाल जैन का जन्म 1924 में हुआ । प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर आप 1942 के भारत छोडो आंदोलन में सक्रिय हो गये ओर 6 माह का करावास भोगा ।[42]

श्री कपूरचंद्र जैन चौधरी –

श्री कपूरचंद्र चौधरी पुत्र श्री दरबारी लाली चौधरी का जन्म दमोह म. प्र. में 16 अक्टूबर 1916 को हुआ । आपके चाचा श्री भैयालाल चौधरी दमोह में स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख रहे है, जिनकी कलकत्ता कांग्रेस मीटिंग से लौटते समय हत्याकर दी गई थी। डिक्टेटर के रूप में भाषण

[40] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –2 पृ.11
[41] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –2 पृ.14
[42] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –2 पृ.4

देते हुए आप गिरफ्तार कर लिये गये और दिनांक 15 अगस्त 1942 को जबलपुर जेल भेज दिये गये जहां आपको नाना साहब गोखले श्री के.देशमुख राजैनद्रप्रसाद मालपाणी छक्कीलाल गुप्ता जनरत आवारी जैसे नेताओं के सम्पर्क में रहने का अवसर मिला । सरकारी अभिलेखों के आधार पर आपको दो वर्ष छः माह के कारावास की सजा भुगतनी पडी ।

श्री कमलचंद्र जैन –

श्री कमलचंद जैन पुत्र श्री चम्पालाल जैन का जन्म 4 नवम्बर 1916 को सनावद जिला पश्चिमत निमाडा म.प्र. में हुआ आपेन बी.ए., एल.एल.बी इंदौर से की । मजिस्ट्रेट के सामने मुकदमा चला और 33 साथियों को धारा 147, 224, 353, भा0द0वि. के अंतर्गत 2–2 वर्ष की साथ साथ चलने वाली सश्रम सजा हुई।

श्री कमलाकांत जैन –

थांदला जिला झाबुआ म.प्र. के श्री कमलाकांत जैनपुत्र श्री टेकचन्द्र जैन का जन्म 1912 में हुआ ।[43] माध्यमिक तक शिक्षा प्राप्त श्री जैन 1934 से ही स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय हो गये थे 1942 के आंदोलन में गिरफ्तारी के पश्चात आप राज्य से निष्कासित कर दिये गये । शासन ने ताम्रपत्र देकर आपको सम्मानित किया है।

श्री कल्याणदास जैन –

सतना म.प्र. के श्री कल्याणदास जैन का जन्म 1904 में हुआ । आपके पिता श्री लखपतराय जैन थे। श्री जैन ने माध्यमिक तक शिक्षा प्राप्त की स्वतंत्रता आंदोलन के आप वीर सिपाही रहे । 1930 के आंदोलन में

[43] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –4 पृ.137

आप सक्रिय रहे । देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत श्री जैन ने 2 वर्ष का कारावास व 100 रू के अर्थदण्ड की सजा भोगी ।

श्री कस्तूरचंद जैन –

श्री जैन का जन्म 1912 के चैत्र महीने में हुआ पिता का नाम श्री कन्हैयालाल जैन था । आपने बताया कि श्री गंधू गौड तथा गिरधारी लाल सोनी की प्रेरणा से 1929–30 में आप स्वाधीनता आंदोलन में कूद पडे 1942 में डिण्डोरी से गोरखपुर रोड पर 5 वे मील पर धावाधार एवं कुकुरामठ केआसपास आप गिरफ्तार कर लिये गये । कुकुरामठ में आपने भाषणबाजी ओर कांग्रेस का प्रचार किया था तिरंगा झंडा आपके हाथ में था और लोग भी गिरफ्तार हुए थे जिनमें एक कोल आदिवासी भी था आप तीन दिन डिण्डोरी जेल में रहे। आपने तितराही पाटन वल्लापुर आदि ग्रामों में स्वतंत्रता का प्रचार किया था। लगान न देने का प्रचार करने के कारण भी आप अनेक बार गिरफ्तार होते होते बचे थे।

श्री कस्तूरचंद जैन–

श्री कस्तूरचंद जैन के पिता का नाम श्री पूर्णचंद जैन था। आपका जन्म सागर म.प्र. में हुआ 1932 के सत्याग्रह में आप अहमदाबाद में गिरफ्तार हुए थे सागर के स्वतंत्रता सेनानियों की सूची में आपका नाम दर्ज है। आपके अनुज श्री पदम कुमार जैन सराफ सागर सक्रिय सेनानी रहे है ।

श्री कामताप्रसाद शास्त्री –

दमोह म.प्र. के श्री कामता प्रसाद शास्त्री पुत्र श्री मूलचंद जैन का जन्म 1.1.1915 ई. को हुआ[44] मिडिल पासकर आपने कटनी के प्रसिद्ध जैन विद्यालय में अध्ययन किया अनन्तर वनारस के जैन क्रांतिकारियों के गढ स्याद्वाद्व महाविद्यालय में अध्ययनार्थ चले गये और वहां से शास्त्री पास कर लौटे ।पिण्डरई (जिला मण्डला) में जंगल कटवाने ओर जैसीनगर में कोतवाली जलाने के प्रयास में 4 नवम्बर 1942 को आप गिरफ्तार कर सागर जेल भेज दिये गये । अतः आपको जबलपुर जेल स्थानान्तरित कर दिया गया । जेल से आने के बाद भी आप सभी आंदोलनों में भाग लेते रहे व कांग्रेस के सक्रिय सदस्य रहे। सम्प्रति शास्त्री जी धार्मिक गंथो के अध्ययन में संलग्न थे।

श्री कालूराम जैन –

रहली, जिलासागर म.प्र. निवासी श्री कालूराम जैन पुत्र श्री टुण्ड ने 1932 के आंदोलन में 4 माह का कारावास भोगा था 1972 में आपका निधन हो गया ।

सिंघई कालूराम जैन –

सिंघई कालूराम जैन पुत्र श्री दरबारीलाल जैन का जन्म 1897 में पाटन जिला जबलपुर म.प्र. में हुआ[45] पाटन में आपने 1930 से 1934 तक सविनय अवज्ञा आंदोलन के कार्यक्रमों एवं राष्ट्रीय महासभा के प्रसार में योग दिया । आप 1942 की जनक्रांति के दौरान गिरफ्तार किये गये और केन्द्रीय कारागार में दिनांक 12 अगस्त 1942 से जनवरी 1944 तक बंदी रखे । 1945 में आप पाटन आ गये और तहसील कांग्रेस के अध्यक्ष हुये । आपकी मृत्यु 51 वर्ष की आयु में एक आकस्मिक रोग से दिनांक 29 फरवरी 1948 को हो गयी ।

[44] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –2 पृ.80
[45] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –1 पृ.116

सिंघई कुन्जीलाल जैन –

शाहगढ जिला सागर म.प्र. के श्री सिंघई कुन्जीलाल जैन 1918 से कांग्रेस के कार्यो में सदैव भाग लेते रहे पांच साल तक कांग्रेस कमेटी के सभापति रहे । आप 1930 में एक साल के लिये जेल यात्री रहे व 1932 में भी जेल गये, जिसमें छह मास का कारावास व 200 रूपये जुर्माना हुआ था।

श्री कुन्दनलाल जैन –

दमोह म.प्र. के श्री कुन्दनलाल जैन पुत्र श्री सिंघई छोटेलाल 1930 से ही स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गये थे 1942 के भारत छोडो आंदोलन में आपने जबलपुर में भाग लिया परिणामतः जबलपुर जिले से निष्कासित किये गये आपने 1 वर्ष 7 माह का कारावास भोगा । 65 वर्ष की आयु में आपका स्वर्गवास हो गया ।

श्री कुन्दनलाल जैन नायक –

देवरी जिला सागर म.प्र. निवासी श्री कुन्दनलाल जैनपुत्र श्री मिटठूलाल जैन का जन्म 1914 में हुआ। 1942 के भारत छोडो आंदोलन में आपने 13 माह काकारावास सागर जेल में भोगा आप सच्च गांधीवादी और खद्दरधारी थे । विनोबाजी के भूदान आंदोलन में आपने 2 एकड जमीन दान में दी थी। आप जीवनपर्यन्त सर्वोदय से जुडे रहे । 1969 में आपका निधन हो गया।

श्री कुन्दनलाल समैया (जैन)

जबलपुर नगर कांग्रेस कमेटी के मंत्री व कोषाध्यक्ष रहे श्री कुन्दनलाल समैया (जैन) पुत्र श्री खूबचंद्र जैन का जन्म 1919 में बीना

(सागर) म.प्र. में हुआ।[46] सत्याग्रह आंदोलनों को गतिमान बनाने के लिए छोटे बालकों की वानर सेना के साथ आप 1930 से ही सक्रिय हो गये थे । 1932 में सत्याग्रह करते हुये गिरफ्तार किये गये व 3 माह जेल में रहे । 1942 के भारत छोडो आंदोलन में गाडरवारा में गिरफ्तार किये गये तथा लगभग डेढ़ वर्ष तक जेल में रहे । नेशनल स्काउट्स के सदस्य के रूप में उसके राष्ट्रीय कार्यो में सहयोगी रहे। 1939 में हुई त्रिपुरी कांग्रेस में निष्ठापूर्वक स्वयंसेवक का कार्य आपने किया था।[47]

श्री कुसुम कान्त जैन –

भारतीय संविधान सभा, भारतीय परिषद एवं मध्य भारत विधान सभा के सदस्य रहे श्री कुसुम कान्त जैन का जन्म 23 जुलाई, 1921 को थांदला, जिला झाबुआ (म0प्र0) में हुआ।[48]श्री जैन की प्रारंभिक शिक्षा धर्मदास जैन विद्यालय में हुई। यहाँ प्रधान अध्यापक श्री बालेश्वर दयाल थे, जो परम राष्ट्रभक्त थे, और जिन्होनें आदिवासियों के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बालक कुसुम कान्त के कोमल मन में राष्ट्र–प्रेम का बीजारोपण किया जो कालान्तर में एक लहलहाते पौधे के रूप में परिवर्तित हो गया। यही कारण था जब 1936 में ब्रिटिश सम्राट की रजत जयन्ती स्कूल में धूमधाम से मनाने का आदेश लेकर अंग्रेज पोलिटिकल एजैनट थांदला पहुँचा तो श्री जैन ने साहस से आगे बढ़कर उसका प्रबल विरोध किया व रजत जयन्ती का बहिष्कार करने हेतु विद्यार्थियों को संगठित किया, परिणाम स्वरूप आपको थांदला छोड़ना पड़ा। कोप का शिकार आपका परिवार ही नहीं बना बल्कि विद्यालय को भी ब्रिटिश सीमा के बाहर जाना पड़ा। आपका अध्ययन अस्त–व्यस्त हो गया । इन्हीं मुसीबतों के बीच

[46] मध्यप्रदेश स्वतत्रता सैनानी भाग–1 पृ. 35
[47] स्वतंत्रता संग्राम जैन पृ–89
[48] मध्यप्रदेश स्वतत्रता सैनानी भाग–4 पृ. 14

श्री जैन ने ''हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग'' का विशारद परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।[49]

श्री केवलचंद्र जैन –

पिण्डरई, जिला मण्डला म.प्र. के श्री केवलचंद्र जैन पुत्र सेठ मुलायमचंद जैन का नाम तत्कालीन रईसों में गिना जाता था, पर अपने काम की परवाह न कर केवलचंद्र जी ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में खुलकर भाग लिया। गिरफ्तार हुए और मण्डला जेल में 6 माह का कारावास आपको भोगना पड़ा आपको 14 दिन की गुनहखाने की भी सजा मिली थी। रईस होते हुए भी आपने अपने साथियों के साथ बी.और सी. क्लास जेल में रहना ही पसन्द किया था।[50]

श्री केवलचंद्र जैन

गौरझामर, जिला सागर म.प्र. के श्री केवलचंद जैन पुत्र श्री हीरालाल का जन्म 1911 में हुआ । 1942 के भारत छोडों आंदोलन में आपने लगभग 8 माह का कारवास भोगा। [51]

श्री केशरीमल जैन –

इच्छावर जिला सीहोर म.प्र. के श्री केशरीमल जैन पुत्र श्री भंवरलाल जैन का जन्म 01 जौलाई 1925 को हुआ इण्टर मीडियेट साहित्यरत्न आदि उपाधिधारी श्री जैन ने भोपाल विलीनीकरण आंदोलन में भाग लिया एवं

[49] श्री कुसुमकान्त जैन– अभिनन्दन स्मारिका, अनेक प्रमाण पत्र, सम्मान पत्र आदि
[50] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सैनानी भाग–1 पृ. 204
[51] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सैनानी भाग–2 पृ.14

13.जनवरी 1949 से 06 फरवरी 1949 तक कारावास की कठोर यातनायें भोगी।[52]

श्री कैलाशचंद्र जैन –

बांदरी जिला सागर म.प्र. निवासी और खुरई प्रवासी श्री कैलाशचंद्र जैन पुत्र श्री मूलचन्द्र जैन का जन्म 1917 में हुआ आपने भारत छोडो आंदोलन में भाग लिया और 19 सितम्बर 1942 से 24 दिसम्बर 1942 तक का कारावास भोगा । शासन ने आपको सात एकड जमीन प्रदान की है।[53]

श्री कोमलचंद्र जैन

श्री कोमलचंद्र जैन पुत्र श्री ईश्वरीप्रसाद जैन का जन्म 1918 में जबलपुर म.प्र. में हुआ। 1942 के भारत छोडो आंदोलन में आप गिरफ्तार कर लिये गये और 9 माह जेल में रखे गये ।[54]

श्री कोमलचंद्र जैन –

श्री कोमलचंद्र जैन पुत्र श्री उदयचंद्र जैन का जन्म 1930 में जबलपुर म.प्र. में हुआ 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में 12 वर्ष की आयु में आपने भाग लिया तथा 20 दिन जबलपुर जेल में काटे।[55]

श्री कोमलचंद्र जैन –

छतरपुर म.प्र. के श्री कोमलचंद्र जैन पुत्र श्री खूबचंद्र जैन का जन्म 1916 में हुआ। आपने नमक सत्याग्रह तथा 1942 के भारत छोडो आंदोलन

[52] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सैनानी भाग–2 पृ. 39
[53] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सैनानी भाग –2 पृ.14
[54] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सैनानी भाग –1 पृ.37
[55] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सैनानी भाग –1 पृ.37

में भाग लिया । 1942 में 21 अगस्त को आप गिरफ्तार हुए एवं 18 जनवरी 1943 तक जबलपुर जेल में रखे गये ।[56]

श्री कोमलचंद्र जैन –

श्री कोमलचंद्र जैन पुत्र श्री खेमचंद्र जैन का जन्म 5 जुलाई 1920 को करेली जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) में हुआ। आठवी तक शिक्षा ग्रहण कर आप स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गये 1942 में एक वर्ष का कारावास आपने होशंगाबाद एवं जबलपुर सेन्ट्रल जेल में भोगा 1973 में आपका निधन हो गया।[57]

श्री खुमान जैन –

दलपतपुर, जिला सागर म.प्र. निवासी श्री खुमान जैन पुत्र श्री आधार ने भारत छोड़ो आंदोलन में 4 माह का कारावास काटा। 1960 में आपका निधन हो गया ।

सिंघई (दादा) खूबचंद्र जी खादी वाले –

दादा जी का जन्म 1907 में जबलपुर में हुआ । आपके पिता का नाम श्री छबलाल था 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भूमिगत कार्यकर्ताओं से सम्पर्क रहा और उनकी हर तरह से सहायता आपने की तथा आंदोलन को उग्र बनाये रखने के लिये प्रेरक परचे छपवाकर वितरित किये। भूमिगत रहे श्री सत्येन्द्र मिर की सलाह पर छोटे फुहारे पर निषेधाज्ञा भंग करके सभा की अध्यक्षता कर उसे संबोधित करते हुए आप पकडे गये। पुलिस द्वारा शारीरिक यातनायें दी गई तथा अर्थदण्ड सहित एक वर्ष की सजा हुई। आजादी के बाद आप कांग्रेस के अनन्य भक्त रहे। धार्मिक और

[56] मध्यप्रदेश स्वाधीनता सैनानी भाग–2 पृ. 107
[57] मध्यपद्रेश स्वाधीनता सैनानी भाग –2 पृ.138

सामाजिक कार्यो में योगदान करना आपका स्वभाव था। आपका निधन 1990 में हो गया।

श्री खूबचंद्र जैन डेवडिया –

शाहगढ़ जिला सागर म.प्र. के श्री खूबचंद डेवडिया पुत्र श्री मंगली प्रसाद का जन्म 27 जुलाई 1923 को हुआ 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भाग लिया तथा 21 सितम्बर 1942 से 5 नवम्बर 1942 तक नजरबंद रहे । 2 अक्टूबर 2002 को आपका देहावसान हो गया ।

श्री खूबचंद्र बैसाखिया –

रहली, जिला सागर म.प्र. निवासी श्री खूबचंद बैसाखिया, पुत्र श्री भोलानाथ बैसाखिया ने 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भाग लिया व 9 माह का कारावास भोगा । अपका निधन 1964 में हो गया ।

श्री खेमचंद जैन –

पिण्डरई जिला मण्डला म.प्र. के श्री खेमचंद जैन पुत्र श्री मुन्नालाल का जीवन आजादी का अलख जगाते बीता। हर समय हर काम को तैयार खेमचंद जीसदैव रचनात्मक कार्येासे जुड़े रहे। 1942 के भारत छोडों आंदोलन में आपने खुलकर भाग लिया, तोड़ फोड़ की गिरफ्तार हुए और 2 वर्ष 6 माह की कठोर कैद तथा 100/– रूपये का अर्थदण्ड आपको भोगना पड़ा जेल में भी कठोर से कठोर यातनायें आपको दी जाती रहीं पर आप झुके नहीं।[58]

श्री खेमचंद्र जैन 'स्वदेशी'

पिता की स्वदेशी भावना के कारण जिनका वंश ही स्वेदशी कहलाने लगा, ऐसे ही खेमचंद स्वदेशी पुत्र श्री मोहनलाल स्वदेशी का जन्म

[58] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सैनानी भाग–1 पृ. 205

6.8.1923 को तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर म.प्र. में हुआ आप त्रिपुरी कांग्रेस के अधिवेशन से स्वतंत्रता संग्राम मेंसक्रिय हो गये थे राष्ट्रीय सत्याग्रह के लिये आपने जनमत तैयार किया । आपने केसली से 60 किमी. पदयात्रा कर तहसील रहली, जिला सागर लाया गया और रहली अदालत ने मुझे 4 माह की बड़ी कैद की सजा तथा 10/– रूपये अर्थदण्ड दिया । सागर जेल में कठोर यातनायें हंसते हंसते झेलीं। पुलिस की मार से सिर फूट गया था उस समय मेरी आयु 18 वर्ष की थी।[59]

श्री गंगाधर जैन –

श्री गंगाधर जैन का जन्म 1909 में प्रभात पट्टन जिला बैतूल म.प्र. में हुआ । आपके पिता का नाम श्री बाला जी था। आपने कक्षा 4 तक शिक्षा ग्रहण की 1930 के देशव्यापी कांग्रेस आंदोलन में बड़े ही उत्साहपूर्वक आपने भाग लिया 1 वर्ष की कडी सजा एवं 75 रूपये के अर्थदंड की सजा आपको मिली जिसे आपने सहर्ष स्वीकार कर लिया। आपमें देशभक्ति की भावना कूट कूट कर भरी थी। [60]

श्री गटोलेलाल भायजी –

भायजी उपनाम से विख्यात सागर म.प्र. के श्री गटोलेलाल ने अहमदाबाद कांग्रेस में बीना के प्रतिनिधि के रूपा में भाग लिया 1929 में रल्वे सत्याग्रह में भाग लेने के कारण आपने 15 दिन की जेल यात्रा की । उस समय जेलों मे राजनैतिक कैदियों के साथ इतना कड़ा व्यवहार कियाजाता था कि 20 सेन (किलो) अनाज पीसने के बाद भी आपको प्रतिदिन गुनाहखाने में बंद कर दिया जाता था । 1942 के आंदोलन में भी आपने एक वर्ष का कारावास होगा।

[59] मध्यप्रदेश स्वतंतत्रता सैनी भाग –1 पृ. 139
[60] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग –5 पृ.150

श्री गनेशीलाल जी बाबा–

बाबा उपनाम से प्रख्यात श्री गनेशीलाल जी बीना म.प्र. निवासी थे 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में आप तीन बार जेल गये बीना के आप प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक थे। लगातार जेल यात्रा ने आपका स्वास्थ्य चौपट कर दिया । तीसरी बार जेल से रिहा होने के थोड़े की दिन बाद हृदयगति अवरूद्ध हो जाने के कारण आपका स्वर्गवास हो गया ।

श्री गिरधारीलाल सेठ –

गांव का गांधी नाम से विख्यात गढ़ाकोटा जिला सागर म0प्र0 के श्री गिरधारी लाल सेठ पुत्र श्री हजारीलाल 18 वर्ष की उम्र से ही स्वतंत्रता संग्राम में सकिय हो गये थे।[61] 1921 में आपने ही गढा कोटा में ग्राम कांग्रेस कमेटी की स्थापना की थी। 1930 में नमक आंदोलन में आपने प्रतीक स्वरूप पानी से नमक वनाकर कानून भंग किया थ, फलतः एक वर्ष के कारावास की सजा पाई। 1932 में 3 माह के कारावास तथा 70 रूपये का अर्थदण्ड आपने भोगा अर्थ दण्ड न देने पर 45 दिन के अतिरिक्त सजा भोगनी पडी । 1942 के आंदोलन में 23 अगस्त 1942 को आप गिरफ्तार कर लिये गये तथा सागर जबलपुर आदि की जेलों में रखे गये । मई 1943 में आप मुक्त हो सकें। पूज्य बापू क`सिद्धांतों के अनुरूप जीवन यापन करने के कारण लोग आपको 'गांव का गांधी' कहाकर पुकारते थे।[62] 1957 में आप गढा कोटा नगर समिति के अध्यक्ष निर्वाचित हुये। इस प्रकार इस वंश की राष्ट्र भक्ति प्रख्यात है। श्री दयाराम रायकवाड गढा कोटा ने

[61] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, भाग–2 पृष्ठ 19
[62] पुत्र सेषदयाचन्द्र ताराकोटा द्वारा प्रेषित परिचय ।

गिरधारी जी पर 'आल्हा –ऊदल शैली में लम्बी कविता लिखा है। 30 जनवरी 1970 को गिरधारीलाल जी का निधन हो गया।[63]

डॉ. गुलाबचन्द्र चौधरी –

जैन विद्याओं के सुप्रसिद्ध अध्येता डॉ. गुलाब चन्द्र चौधरी का जन्म 2 अक्टूबर 1915 को ग्राम सिलोंडी जिला जबलपुर (म0प्र0) में हुआ। बचपन में ही आपका एक पैरा खराब हो गया था। आपके कटनी तथा बाराणसी की सुप्रसिद्ध जैन शिक्षण संस्थाओं में न्यायतीर्थ, व्याकरणतीर्थ, व्याकरणाचार्य, साहित्यरत्न तथा एम0ए0 आदि उपाधियाँ प्राप्त की। 1954 में आप पी.एच. डी. की उपाधि से अलंकृत हुये।[64] भारतीय इतिहास पर आपने अनेक पुस्तकें लिखी, जिनमें पालिटिकल हिस्ट्री ऑफ जार्दन इंडिया फ्रांम जैना सोर्सेज, सबसे महत्वपूर्ण है। चौधरी जी ने नालंदा, वैशाली, दरभंगा, आदि में उच्च शैक्षणिक पदों पर रहकर अध्यापन कार्य किया तथा अनेक शोधार्थियों के निदेशक पद पर रहते हुये सेवाकाल में ही दिवंगत हुयें। आप पालि–प्राकृत के विश्व विश्रुत विधान थे।

श्री गुलाबचंद जैन –

सागर म.प्र. के श्री गुलाबचंद जैन पुत्र श्री नानूराम जैन का जन्म 1920 में हुआ। आप प्राथमिक तक शिक्षा ग्रहण कर 1942 के भारत छोडो आंदोलन में सक्रिय हो गये आपने बम बनाने में सहयोग दिया गिरफ्तार हुये व 3 वर्ष का कारावास तथा 100/– रूपये का अर्थदण्ड भोगा बाद में आप जबलपुर प्रवासी हो गये।

श्री गुलाबचंद्र जैन 'वैद्य' –

[63] अनाम स्मारिका तथा समाचार पत्रों की फोटोकांपी ।
[64] वि0अ0पृ0 243–244

श्री गुलाबचंद जैन ढाना जिला सागर म.प्र. के निवासी है। आपके पिता का नाम श्री वलजूराम था अपना परिचय देते हुए आपने लिखा है कि मैं राष्ट्रप्रेम की पवित्र भावना से प्रेरित होकर राष्ट्रीय कांग्रेस से सन् 1930 से ही जुड गया था। परन्तु सक्रिय कार्य करने का मौका 1941–42 के दौरान मिला।

श्री गुलाबचंद जैन 'हलवाई'

हलवाई उपनाम से विख्यात श्री गुलाबचंद जैन पुत्र श्री वृन्दावन का जन्म 1920 में पिण्डरई जिला मण्डला म.प्र. में हुआ । 1940 के व्यक्तिगतसत्याग्रह में आपने सक्रिय भाग लिया पर गिरफ्तार नहीं किये जा सकें, पर 1942 के आंदोलन में तोड फोड करने के कारण आप गिरफ्तार कर लिये गये और 2 वर्ष 4 माह का कारावास भुगतना पड़ा आपके अग्रज श्री मुलायमचंद जैन भी 2 सितम्बर 1942 से 1 मार्च 1943 तक जेल में रहे।

श्री गुलावचन्द्र तामोट –

'तामोट' उपनाम से विख्यात म0प्र0 सरकार में अनेक वर्षो तक मंत्री तथा विधायक रहे श्री गुलाब चन्द्र जैन, पुत्र श्री मूलचन्द्र जैन का जन्म ग्राम – तामोट जिला रायसैन (म0प्र0) में 8 मई 1923 को हुआ।[65] जब आप 19 वर्ष के थे तभी पिताजी का साय सर से उठ गया। पिताजी काश्तकारों को बीज देने और फसल आने पर सवाया लेने का कारोबार करते थे । वे तामोट के जमीदार थे। गुलावचन्द्र जी बचपन से ही स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गये थे। पिता की मृत्यु के बाद एक दिन उन्होनें आसपास के सभी

[65] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भाग–5 पृ. 71

कर्जदारों को बुलाया और कहा– 'आज से न आप मेरे कर्जदार और न मैं साहूकार' ऐसा कहकर वहीं (उधारी लेन–देन की पंजिका) में आग लगा दीं। कृतज्ञ ग्राम वासियों ने कहा– आज से आप हमारे गांव की सबसे बड़ी धरोहर है? आप गुलाबचन्द्र जैन के नाम से ही गांव के नाम पर गुलाबचन्द्र तामोट के नाम से जाने जायेगें। इस प्रकार के जैन से तामोट हो गये।

श्री गुलाबचंद सिंघई –

दमोह म.प्र. के श्री गुलाबचंद सिंघई पुत्र श्री राजाराम का जन्म 1923 में हुआ । आपने माध्यमिक तक शिक्षा ग्रहण की ।आप विद्यार्थी जीवन से ही स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गये थे 1942 के भारत छोडो आंदोलन में जबलपुर और सागर में 9 माह 10 दिन का कारावास तथा 50/– रूपये का अर्थदण्ड आपने भोगा ।

श्री गुलाबचंद सेठ–

पिण्डरई जिला मण्डला म.प्र. के श्री गुलाबचंद सेठ ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्ति रहे पर देश प्रेम के कारण आप आजादी की लड़ाई में कूद पड़े और 1942 के आंदोलन में 6 माह की जेल यात्रा की ।

श्री गेंदमल पोखरना –

श्री गेंदमल पोखरना (ओसवाल) का जन्म रामपुरा जिला मंदसौर म.प्र. में हुआ श्री रामलाल पोखरना श्री मधुप श्री रामबिला किशनलाल पोरवाल आदि आपके प्रमुख साथियों में से थे इन्होनें इंदौर तथा रामपुरा दोनों स्थानों पर आंदोलन में भाग लिया । अनेक बार पुलिस की मार खाई, किन्तु प्रदर्शन करने में कभी पीछे नहीं रहे। पोखरना जी को भारत छोड

आंदोलन के मध्य इंदौर में गिरफ्तार किया गया व सेन्ट्रल जेल इंदौर में रखा गया ।

श्री गेंदालाल जैन –

इंदौर म.प्र. के गेंदालाल जैन पुत्र श्री बिरदीचंद जैन का जन्म 1 मार्च 1927 को हुआ। 1942 में आजादी के आंदोलन में भाग लेने पर दिनांक 23 फरवरी 1943 से 23 जून 1943 तक आपको इंदौर जेल में रखा गया ।

श्री गेंदालाल जैन –

इंदौर म.प्र. के श्री गेंदालाल जैन पुत्र श्री शैतानमल जैन का जन्म 28 जून 1918 को हुआ। 1942 के भारत छोडो आंदोलन में आपने सक्रिय योगदान दिया ।आंदोलन के दौरान ही आपको गिरफ्तार कर लिया गया और 9 सितंबर 42 से 25 जनवरी 43 तक के कारावास की सजा आपको दी गई आपके अनुज श्री आनन्दी लाल ने भी जेल यात्रा की थी।[66]

श्री गोकुलचंद सेठी –

बैतूल म.प्र. के श्री गोकुलचंद सेठी पुत्र श्री धनराज गोठी का जन्म 1 सितम्बर 1918 को हुआ भारत छोडो आंदोलन में आपने 24 सितम्बर 1942 से जून 1945 तक का कारावास भोगा।

श्री गोकुलचंद जैन –

सिलवानी जिला रायसेन म.प्र. के श्री गोकुलचंद जैन पुत्र श्री जवाहरलाल जैन काजन्म 1918 में हुआ। 1949 के भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन में आपने भाग लिया तथा एकमाह केकारावास कीसजा भोगी ।

[66] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता सैनानी भाग–4 पृ.18

श्री गोकुलचंद जैन –

जबलपुर म.प्र. के श्री गोकुलचंद जैन, पुत्र श्री नोखेलाल ने 1932 के आंदोलन में भाग लिया तथा 5 माह के कारावास एवं 30 रूपये अर्थदण्ड की सजा पाई ।

श्री गोकुलचंद सिंघई–

दमोह म.प्र. के श्री गोकुलचंद सिंघई वकालत का व्यवसाय करते थे उन पर अमर शहीद चौधरी भैयालाल का बडा प्रभाव था।कहा जाता है कि 1916 में अंग्रेज पुलिस कप्तान दमोह जेल के सामने पुलिस लाईन के बगल के बंगले में रहता था उसने आदेश निकाला कि इस रोड से कोई बैलगाडी नहीं निकलेगी। हमारी नींद में बाधा आती है सिंघई जी ने उसका विरोध किया, कई आम सभायें की, जिससे वह अफसर इनका दुश्मन बन गया और आपको मार डालने के लिए एक भयंकर अपराधी को जेल से मुक्त कर दिया। दूसरे दिन जब सिंघई जी साईकिल पर उस रास्ते से जा रहे थे, तब उस कैदी ने उन्हें रोका और पैर पकड़कर कप्तान का हुक्मनामा सुनाकर क्षमा मांगी यह सिंघई जी के व्यक्तित्व का ही प्रभाव था अंत में वह रास्ता हर प्रकार के वाहनों केलिए खोल दिया गया ।

श्री गौतम प्रसाद गिल्ला –

स्वयं सेवक के रूपा में स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी निभाने वाले बाबई जिला होशंगाबाद म.प्र. के श्री गोतमप्रसाद गिल्ला, पुत्र श्री कन्हैयालाल जैन का जन्म 1 जनवरी 1920 में हुआ । 1938 से ही आप आंदोलन में सक्रिय हो गये 1940 में व्यक्तिगत सत्याग्रह के दौरान भोजन व्यवस्था का भार आप पर डाला गया । आपने श्री प्यारेलाल गुरू व डेरिया

जी के साथ शराब बंदी किसान [67]संगठन आदि रचनात्मक कार्यो में भाग लिया।

श्री चन्दनमल जैन –

श्री चन्दनमल जैन पुत्र श्री फतेहचंद जैन का जन्म राजगढ म.प्र. में हुआ । आपने कक्षा 8 तक शिक्षा प्राप्त की । आप प्रजामंडल की यूनिट के अध्यक्ष भी रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में कुल 25 दिन की सजा आपने भुगती ।

श्री चाँदमल जैन –

जबलपुर म.प्र. के श्री चांदमल जैन पुत्र श्री घेवरचंद जैन का जन्म 8 जनवरी 1930 को हुआ । भारत छोडो आंदोलन में आपने कमानिया गेट जबलपुर में तिरंगा झण्डा फहरा दिया फलतः गिरफ्तार कर छोड़ दिया गया । हाल ही में 9 फरवरी 1905 को आपका देहावसान हो गया ।

श्री चांदमल जैन

झाबुआ म.प्र. के श्री चाँदमल जैन पुत्र श्री रतनचंद का जन्म 1909 में हुआ। आपने 1930 से 1947 तक के सभी आंदोलनों में सक्रिय भाग लिया । आजादी के बाद शासन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर आपको सम्मानित किया है।

श्री चितरंजन कुमार –

संगीतकला प्रेमी मध्यप्रदेश के श्री चितरंजन कुमार 1942 में विद्यार्थी अवस्था में ही गिरफ्तार कर लिये गये थे । निर्माण पथ में चिरन्तनरत रहने वाले श्री कुमार काफी समय तक राष्ट्रीय सेवक दल के प्राणवान सदस्य रहे। आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम.ए. किया ।

[67] मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भाग –5 पृ. 328

श्री चिन्तामन जैन –

आजादी के दीवाने श्री चिन्तामन जैनका जन्म टडा (सागर) म.प्र. में हुआ। आपके पिता का नाम श्री लालचंद जैन था। लगभग 75 वर्ष की उम्र में आपका निधन 1992 में हुआ आप 30 वर्ष सागर में रहे । पुलिस चौकी में झंडा लगाने पर आपको गिरफ्तार कर लिया गया, अतः 18 सितम्बर 1942 से 8 अक्टूबर 1942 तक जेल की दारूण यातनायें आपको भोगना पड़ी।

श्री जड़ावचंद जैन

धार म.प्र. के श्री जड़ावचंद जैन पुत्र श्री कस्तूरचंद जैन का जन्म फरवरी 1921 में हुआ आपने बोरखेडा तथा उपरबाडा जागीरों में स्वतंत्रता आंदोलन हेतु सक्रियकार्य किया महात्मा गांधी के आह्वान पर आपने हरिजनोद्वार के कार्य किये ।

श्री जयकुमारजैन –

कटनी म.प्र. के श्री जयकुमार जैन पुत्र श्री हुकुमचन्द्र का जन्म 1923 में हुआ । 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भाग लेने पर 15 दिन का कारावास आपको भोगना पड़ा।

श्री जिनेद्र कुमार मलैया –

सागर म.प्र. के प्रसिद्ध व्यवसायी श्री जिनेन्द्र कुमार मलैया पुत्र श्री मूलचंद ने 1942 के भारत छोडो आंदोलन में भाग लिया तथा 4 माह का कारावास भोगा ।

श्री ज्ञानचंद जैन –

श्री ज्ञानचंद जैन पुत्र श्री मुलायमचंद जैन का जन्म 1928 में जबलपुर म.प्र. में हुआ अपनी गिरफ्तारी के संदर्भ में आपने लिखा है – मैं सन 1942 के आंदोलन में भाग लेने के कारण पकडा गया था जबलपुर खादी आश्रम उन दिनों राष्ट्रीय गतिविधियों का केन्द्र था। परचा बांटने वलों में मै भी था । मेरे हाथ से पुलिस ने कुछ पर्चे जप्त किये तथा मुझे पकडकर ले गये थे । मुझे 1 माह 16 दिन जेल में रहना पडा पर सरकार मुझे अपराधी सिद्ध नहीं कर पायी, अतः छूट आया। [68]

श्री टेकचंद जैन –

